प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– लोगों को सुलभ सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए डिजिटलाईजेशन को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा– आई.जी.एम.सी. शिमला में मारपीट मामले में जांच के बाद डॉक्टर के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पदोन्नत मुख्य अध्यापकों को 31 दिसम्बर तक पदभार ग्रहण करने के दिए निर्देश।
- मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने शिमला में किया प्रदर्शन– भाजपा का आरोप– मनरेगा के नाम पर राजनीति कर रही सुक्खू सरकार।
- प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी– किसान व बागवान चिंतित।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को सुलभ सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे जनसेवाओं में दक्षता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित हो रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में डेलाइट द्वारा आयोजित 'आरोहण – ग्रोथ विद इम्पैक्ट – गवर्नमेंट समिट' कार्यक्रम में अपने संबोधन में ये बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में एक आदर्श सुशासन मॉडल को अपनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंद और पात्र नागरिकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

सौर ऊर्जा

इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अगले 2 वर्ष में 5 सौ मैगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक 90 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा की आवश्यकता नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रीन पंचायत कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी पंचायतों में 5 सौ किलोवॉट क्षमता की ग्राउंड माउंटिड सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।

आईजीएमसी मामला

इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज शिमला में मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के बाद मरीज के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और डॉक्टर को सस्पैंड करने की मांग की है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटा दिया है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि मरीजों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में डॉक्टरों व मैडिकल स्टाफ के मरीजों से व्यवहार को लेकर जल्द ही सख्त गाइडलाईंज़ जारी की जाएंगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा कि फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जाएगी।

अनुराग ठाकुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एन.आई.टी. हमीरपुर का 16वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में कुल एक हज़ार 2 सौ 99 उपाधियां प्रदान की गईं। अनुराग ठाकुर ने विद्यार्थियों से कौशल, नैतिकता और सेवा भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को एकबार जी राम जी बिल पढ़ लेना चाहिए, जिसका उद्देश्य विकसित भारत के लिए आजीविका मिशन के साथ ग्रामीण भारत का उत्थान शामिल है। इस बीच, अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में आयोजित ऊंची उड़ान कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पतनाऊं में वाकर खड्ड पर बनने वाले ओवर ब्रिज का

शिलान्यास किया। ऊंची उड़ान कार्यक्रम में उन्होंने सौ महिलाओं को उद्यमिता में आगे बढ़ाने के लिए 30 लाख की सामग्री वितरित की।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए गुणात्मक शिक्षा और खेल संरचना सुदृढ़ करने पर बल दिया है। आज शिमला में आयोजित शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली की समीक्ष बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से सौ नए सी.बी.एस.ई. स्कूल खोलने की योजना है जिनमें से 94 स्कूलों के लिए मान्यता मिल चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सी.बी.एस.ई. शिक्षकों के लिए अलग सब–कैडर बनाया जाएगा। उन्होंने पदोन्नत मुख्य अध्यापकों को 31 दिसम्बर तक पदभार ग्रहण करने के निर्देश भी दिए।

कांग्रेस धरना

मनरेगा का नाम विकसित भारत– गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण करने के विरोध में हिमाचल कांग्रेस ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार गलत तरीके से योजना का नाम बदल रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पहले केन्द्र सरकार 90 प्रतिशत राशि देती थी लेकिन अब इसे 60–40 के अनुपात में कर दिया गया है जिससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस और प्रदेश की सुक्खू सरकार मनरेगा के नाम पर केवल राजनीति कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार ने गरीब ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के हित में विकसित भारत जी राम जी योजना जैसी प्रभावी योजना दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस भगवान राम के नाम से अपनी चिढ़ की वजह से जी राम जी योजना का विरोध कर रही है लेकिन देश की जनता जान चुकी है कि ये विरोध नीति का नहीं, मानसिकता का है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने पिछले पांच महीने से अपने हिस्से की मनरेगा दिहाड़ी का भुगतान भी नहीं किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जी–राम–जी योजना महात्मा गांधी के ग्रामोदय के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी। जयराम ठाकुर ने आई.जी.एम. सी. शिमला में मरीज के साथ हुई मारपीट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की सरकार से मांग की है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने जी राम जी बिल को लेकर प्रदेश कांग्रेस के धरने प्रदर्शन को राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का काम केवल विरोध करना है और इस पार्टी ने कभी भी जनहित के कार्यों में सहयोग नहीं किया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जी राम जी विधेयक लाकर मनरेगा कानून में खामियों को सुधारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत सौ दिनों के रोज़गार को एक सौ 25 दिनों का किया गया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को जनहित की योजनाओं व कार्यों की खुले मन से प्रशंसा करने और विरोध की राजनीति से परहेज की सलाह दी है।

मौसम–सूखा

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों आज मौसम साफ बना रहा। राज्य के मैदानी जिलों में सुबह–शाम कोहरे का प्रकोप जारी है और लोगों को शुष्क ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में बारिश और बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं जिससे किसानों–बागवानों की चिंता बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना जताई है जबकि मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने युवा पशु चिकित्सकों से समर्पण भाव से किसान समुदाय की सेवा करने का आह्वान किया है। पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय में पशु चिकित्सा

स्नातकों के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। चंद्र कुमार ने पशुधन स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका को मज़बूत करने में पशु चिकित्सकों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने पशु चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों का स्टाइ फंड बढ़ाने के लिए उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– लोगों को सुलभ सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए डिजिटलाईजेशन को बढ़ावा दे रही है सरकार।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा– आई.जी.एम.सी. शिमला में मारपीट मामले में जांच के बाद डॉक्टर के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पदोन्नत मुख्य अध्यापकों को 31 दिसम्बर तक पदभार ग्रहण करने के दिए निर्देश।
- मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने शिमला में किया प्रदर्शन– भाजपा का आरोप– मनरेगा के नाम पर राजनीति कर रही सुक्खू सरकार।
- प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी– किसान व बागवान चिंतित।